आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 10.05.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पौड़ी के लैंसडाउन में "पूर्व सैनिक पर्यावरण उद्यान" का उद्घाटन किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 256 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की।
- गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने लैंसडाउन में **रिक्रिएशन सेंटर** के निर्माण के लिए 14 लाख 90 हजार रुपये की प्रथम किस्त जारी की।
- और, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा– सरकार ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

-----------------------------------------------

"पूर्व सैनिक पर्यावरण उद्यान"

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने पौड़ी के लैंसडाउन में पूर्व सैनिकों और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित "पूर्व सैनिक पर्यावरण उद्यान" का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार की पहल से पर्यावरण संरक्षण को गति मिलेगी।

उद्यान भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्राओं और स्थानीय नागरिकों से आत्मीय संवाद भी किया। बच्चों ने राज्यपाल का उत्साहपूर्वक स्वागत किया, जिस पर उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, शिक्षा और राष्ट्र सेवा के मूल्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

इस बीच, राज्यपाल ने "ऑल वुमेन कैफे" का भ्रमण किया और स्थानीय महिलाओं द्वारा तैयार पहाड़ी व पारंपरिक उत्पादों का अवलोकन किया। राज्यपाल ने कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार आधारित गतिविधियां महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

-----------------------------------------------

वित्तीय स्वीकृति

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य की विभिन्न विकास योजनाओं और कुम्भ मेला–2027 से संबंधित प्रमुख परियोजनाओं के लिए 256 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।

सरकार ने राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत 15वें वित्त आयोग की अवशेष धनराशि से प्रत्येक जिले को राहत औरं बचाव मद में 3 करोड़ रुपये, पुनर्प्राप्ति तथा पुनर्निर्माण मद में 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है।

कुम्भ मेला–2027 के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग–58 से औद्योगिक क्षेत्र तक चार लेन मार्ग के नवीनीकरण के लिए 2 करोड़ 72 लाख रुपये को भी मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री ने रुड़की नगर निगम क्षेत्र में सुनहरा मार्ग चौराहे का नाम "शहीद चौक" रखे जाने के प्रस्ताव को भी अनुमोदन प्रदान किया है।

---

राज्यपाल औली दौरा

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने चमोली के औली में आयोजित सैनिक सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना और आईटीबीपी के जवान प्रतिकूल परिस्थितियों में भी राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं।

औली स्थित माउंटेनियरिंग और स्कीइंग संस्थान का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्थान पर्वतारोहण, स्कीइंग, राफ्टिंग तथा पर्वतीय युद्ध कौशल के क्षेत्र में देश को उत्कृष्ट प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध करा रहा है।

---

रिक्रिएशन सेंटर

गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी ने पौड़ी गढ़वाल के लैंसडाउन स्थित गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट सेंटर में रिक्रिएशन सेंटर के निर्माण के लिए सांसद निधि से 14 लाख 90 हजार रुपये की प्रथम किस्त जारी की है।

श्री बलूनी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक के माध्यम से यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सेना के जवानों के मानसिक और शारीरिक उत्साहवर्धन, मनोरंजन तथा सकारात्मक वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सांसद ने कहा कि देश की सेवा में समर्पित वीर सैनिकों के कल्याण के लिए उनके प्रयास और संकल्प निरंतर जारी रहेंगे।

---

अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज

केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती नौटियाल ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार कार्य कर रही है। विद्यालयों में आधुनिक संसाधन और बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने से छात्र–छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा और उनका भविष्य अधिक सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नई योजनाओं के माध्यम से विद्यालयों को विकसित करने का कार्य कर रही है।

-----------------------------------------------

चारधाम यात्रा पंजीकरण

प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी है। अब तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए हरिद्वार, ऋषिकेश और देहरादून में ऑफलाइन पंजीकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं। देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने हरिद्वार और ऋषिकेश में बनाए गए पंजीकरण केंद्रों पर उपलब्ध सुविधाओं के लिए सरकार और हरिद्वार जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

-----------------------------------------------

राष्ट्रीय लोक अदालत

देहरादून जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकृति के कुल 9 हजार 80 मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सीमा डुंगराकोटी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालतें त्वरित, सरल और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों के माध्यम से आपसी सहमति, सौहार्द और संवाद की भावना को बढ़ावा मिलता है, जिससे समाज में शांति और सामंजस्य स्थापित होता है।

-----------------------------------------------

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–पी.एम.जी.एस.वाई. की 25वीं वर्षगांठ पर आज मध्य प्रदेश के सीहोर जिले के भैरुंदा में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। इस दौरान पीएमजीएसवाई के चौथे चरण का भी शुभारंभ किया

जाएगा। समारोह में श्री चौहान वित्त वर्ष 2026–27 के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 18 हजार 907 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा भी करेंगे।

------------------------------------------------

राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा कर दी है। देशभर से चुनी गई 42 पंचायतों को ये पुरस्कार दिए जाएंगे। पंचायती राज मंत्रालय ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह 3 जून को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, कर्नाटक ने सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त किए हैं, जहां छह पंचायतों को चुना गया है।

------------------------------------------------

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार को आज सभी समाचार पत्रो ने प्रमुखता दी हैं। अमर उजाला लिखता है– बंगाल में अब शुभेंदु सरकार। इस खबर पर दैनिक जाकरण का शीर्षक है– 74 साल में पहली बार भगवा बंगाल।

तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर हिन्दुस्तान लिखता है– तमिलनाडु में विजय की ताजपोशी आज।

नवोदय टाइम्स की सुर्खी– रेड के बाद पंजाब के निकायमंत्री संजीव अरोड़ा ईडी द्वारा गिरफ्तार

प्रदेश में मौसम पूर्वानुमान पर दैनिक जागरण लिखता है– कल से पहाड़ों में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट

------------------------------------------------